# आवास बोर्ड हरियाणा, पंचकूला

## 2016 – 17 के वार्षिक खाते

## सूचकांक


| क्रम सं. | विवरण | पेज नम्बर |
|---|---|---|
| 1. | लेखा परीक्षा प्रतिवेदन | 1 – 5 |
| 2. | तुलन पत्र | 6 |
| 3. | आय एवं व्यय खाता | 7 – 8 |
| 4. | तालिका - 1 पूंजीगत निधि | 9 |
| 5. | तालिका - 2 रिर्जव और अधिशेष | 9 |
| 6. | तालिका - 3 असुरक्षित ऋण | 10 |
| 7. | तालिका - 4 चालू देयताए एवं प्रावधान | 10 |
| 8. | तालिका - 5 स्थाई परिसम्पत्तियां (मुख्यालय) | 11 |
| 9. | तालिका - 5क स्थाई परिसम्पत्तियां (टेकनीकल) | 12 |
| 10. | तालिका - 6 चालू सम्पत्तियां | 13 |
| 11. | तालिका - 7 ऋण एवं अग्रिम | 14 |
| 12. | तालिका - 8 महत्वपूर्ण लेखा नीतियां व लेखों पर टिप्पणियां | 15 – 16 |

# आवास बोर्ड हरियाणा, पंचकूला के 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लेखाओं पर भारत के नियंत्रक – महालेखापरीक्षक का पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन

1. हमने आवास बोर्ड हरियाणा, पंचकूला के 31 मार्च 2017 तक के सलंग्न तुलन–पत्र, उस तारीख को समाप्त वर्ष के आय एवं व्यय लेखा की लेखापरीक्षा, हरियाणा आवास बोर्ड अधिनियम, 1971 (1971 की हरियाणा अधिनियम सं. 20) के साथ पठित नियंत्रक - महालेखापरीक्षक के (कर्त्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 19 (3) के अंतर्गत की है। वर्ष 2014 – 15 से 2018 – 19 तक की अवधि हेतु 5 वर्षों के लिए लेखापरीक्षा सौंपी गई है। ये वित्तीय बोर्ड के प्रबन्धन का उत्तरदायित्व है। हमारा उत्तरदायित्व हमारी लेखापरीक्षा पर आधारित इन वित्तीय विवरणियों पर मत प्रकट करना है।

2. इस पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में बेहतर लेखांकन पद्धतियों, लेखांकन मानकों तथा प्रकटीकरण मानकों इत्यादि से अनुरूपता, वर्गीकरण से सम्बन्धित केवल लेखांकन प्रतिपादन पर भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक (सी.ए.जी) की टिप्पणियां समाविष्ट हैं। कानून, नियम एवं विनियमन (औचित्य एवं नियमितता) तथा दक्षता–सह–निष्पादन पहलुओं इत्यादि, यदि कोई हो, की अनुपालना से सम्बन्धित वित्तीय सम्पादनों पर लेखापरीक्षा अभ्युक्तियां पृथकत: निरीक्षण प्रतिवेदनों/सी.ए.जी. के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों के माध्यम से सूचित किए जाते हैं।

3. हमने अपनी लेखापरीक्षा भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार की है। ये मानक अपेक्षा करते हैं कि हम, ये उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए कि क्या वित्तीय विवरणियों भौतिक अयथार्थ विवरणों से मुक्त हैं, लेखापरीक्षा आयोजन तथा सम्पन्न करें। एक लेखापरीक्षा वित्तीय विवरणियों में प्रकटीकरणों तथा राशियों को समर्थन देने वाले प्रमाण, नमूना आधार पर परीक्षण सम्मिलित करती है। एक लेखापरीक्षा वित्तीय विवरणियों के समग्र प्रस्तुतीकरण के मूल्यांकन के अतिरिक्त प्रबन्धन द्वारा उपयोग किए गए लेखापरीक्षा सिद्धान्तों का निर्धारण तथा प्रबन्धन द्वारा बनाए गए महत्वपूर्ण आकलनों को भी सम्मिलित करती है। हम विश्वास करते हैं कि हमारी लेखापरीक्षा हमारे मत को उचित आधार प्रदान करती है।

4. हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर हम सूचित करते हैं कि :

   i) हमने सभी सूचनाएं तथा स्पष्टीकरण, जो हमारी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य के लिए आवश्यक थे, प्राप्त कर लिए हैं।

   ii) हमारे प्रतिवेदन से संव्यवहारित लेखाओं (तुलन–पत्र तथा व्यय लेखा) को बोर्ड द्वारा अनुमोदित कर दिया है।

   iii) हमारे मत में हरियाणा आवास बोर्ड, अधिनियम 1971 (1971 की हरियाणा अधिनियम सं. 20) के अन्तर्गत अपेक्षितानुसार आवास बोर्ड, हरियाणा द्वारा लेखाओं की समुचित बहियां तथा अन्य संबंधित अभिलेख अनुरक्षित किए गए है। (एस.ए.आर. में दिखाई गई त्रुटियों को छोड़कर) कि ये ऐसी बहियों में हमारी जांच से प्रकट होते हैं।

   iv) हम आगे सूचित करते हैं कि :

ए. **तुलन पत्र :**

1. **देयताएं**

1.1.1 **कॉलोनियों के रख – रखाव के देय खर्चे 1.04 करोड़ रूपये**

उपरोक्त खर्चों में सरस्वती विहार कॉलोनी जो कि नगर पालिका गुरुग्राम को हस्तांतरित कर दी गई है, के 0.04 करोड़ रूपये के देय खर्चे भी शामिल हैं और इस कॉलोनी की रख-रखाव पर और खर्चे करने की आवश्यकता नहीं है। इसलिए इनके प्रावधान की आवश्यकता नहीं है। परिणामत: चालू देयताओं का 0.04 करोड़ का अधिकथन तथा राजस्व प्राप्तियों का अवकथन हुआ।

2. **परिसम्पत्तियां**

2.1 **चालू परिसम्पत्तियां (अनुसूची – 6) 1713.01 करोड़ रूपये**

2.1.1 **13 9.86 करोड़ रूपये के भूमि लागत को स्कीमों पर बांटना**

उपरोक्त देय भूमि लागत तुलन पत्र में आखिरी दिनांक को दर्शाई गई है। भूमि लागत की देय किस्त के भुगतान से आखिरी दिनांक तक का देय ब्याज शामिल नहीं है। देय ब्याज का प्रावधान न करने से भूमि लागत व विविध लेनदारों का 29.25 करोड़ रूपये का अवकथन हुआ। इसके इलावा बोर्ड ने सम्पत्ति रजिस्टर नहीं बनाया और भूमि का उपयोग नहीं किया।

2.1.2 **विविध देनदार**

(i) आवास आंबटी 193.11 करोड़ रूपये

बूथ एवं प्लाट आंबटी 13.97 करोड़ रूपये

अन्य 9.22 करोड़ रूपये

सभी देनदार असमाधानित तथा अपुष्ट थे। बोर्ड द्वारा अनुरक्षित आंबटी – बार बहियां अपूर्ण थी। शेषों की पुष्टि एवं मिलान के अभाव में शीर्ष के अंतर्गत प्रकट होने वाले आंकड़ों की शुद्धता का लेखा परीक्षा में पता नहीं लगाया जा सका। इसको पिछले वर्षो के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में इंगित किये जाने के बावजूद इस संबंध में अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

(ii) विविध देनदारों में ठेकेदारों और आपूर्तिकत्ताओं से वसूलनीय 9.82 करोड़ रूपये की राशि सम्मिलित है। इनमें से 2.87 करोड़ रूपये की राशि के देनदार पांच वर्षो से अधिक पुराने थे। इनमें से संदिग्ध व डूबते ऋणों को केवल 0.03 करोड़ रूपये का प्रावधान 2016 – 17 तक किया गया है। परन्तु बोर्ड ने उसकी पर्याप्तता को पुर्न विचार नहीं किया है। यह वर्ष 2002 – 03 से 2015 – 16 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में इंगित किये जाने के बावजूद इस संबंध में अब तक बोर्ड द्वारा कोई कार्यवाई नहीं की गई है।

## (iii) बैंक जमा

**मुख्यालय – 14.28 करोड़ रूपये**

रोकड पुस्तक के अनुसार बैंक जमा राशि का पास बुकों के साथ मिलान किया गया है। यद्यपि, रोकड़ पुस्तक और पासबुक के 0.11 करोड़ रूपये के अन्तर को बैंक प्रभार खर्च मान लिया गया है। इन खर्चों को आय व व्यय खाते में नहीं लिया गया। इस प्रकार तुलनपत्र में बैंक जमा राशि ठीक नहीं दर्शाई गई है व इसको ठीक दर्शाया जाना चाहिये। परिणामत: 0.11 करोड़ रूपये के बैंक प्रभार का अवकथन और नकद व बैंक जमा का अतिकथन हुआ है।

## बी – आय एवं व्यय खाता

**आय**

**बिना बिक्री के 540.16 करोड़ रुपये का आवासीय भण्डार**

उपर्युक्त शेष में बोर्ड द्वारा पिछले वर्षों में बेचे गये आवासीय भण्डार शामिल हैं जिनका अब आबंटन द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है। चूंकि आत्मसमर्पण घर बिक्री रिटर्न है, इसलिए इन्हें मूल लागत पर बुक किया जाना चाहिए था, जिन पर इनका निर्माण किया गया था और बिक्री के लिए पहले पारित प्रविष्टियों को उलट दिया जाना चाहिए था, और जब्त की गई राशि को बोर्ड की आय के रूप में माना जाना चाहिए था। इसके अलावा, आत्मसमर्पण घरों/एससीओ/दुकानों के क्लोजिंग स्टॉक को लागत या बाजार मूल्य पर जो भी कम हो, दिखवाया जाना चाहिए था। उपर्युक्त उपचार देने बजाय, बोर्ड ने हाउसिंग स्टॉक के बिक्री मूल्य को घरों/एससीओ/दुकानों की लागत में से जब्त राशि को कम करके लागत मूल्य दर्शाया है।

92 मामलों में (जहां घर/एससीओ/दुकानों की नीलामी की गई और बाद में आत्मसमर्पण किया गया) बोर्ड ने घरों/एससीओ/दुकानों की लागत को बिक्री मूल्य में से जब्त राशि कम करके दर्शाया है जिसके परिणामस्वरूप सरेंडर, बिक्री मूल्य की लागत से अधिक है। इस गलत उपचार के परिणामस्वरूप बेचे गए हाउसिंग स्टॉक के साथ-साथ रिजर्व और अधिशेष का भी 7.25 करोड़ रुपये से अतिकथन हुआ है।

## सी सामान्य

मकानों की बिक्री और नीलामी से 26.85 करोड़ रूपये वर्ष 2016-17 के लाभ को आय व व्यय खातों में दर्शाया गया है जोकि बिक्री मूल्य और लागत को घटा कर दिखवाया गया है। यद्यपि मकानों और दुकानों का विवरण वार्षिक खातों के साथ नहीं लगाया जिसके कारण उनकी सत्यता को प्रमाणित नहीं किया जा सकता। यह वर्ष 2002-03 से 2015-16 के लेखा प्रतिवेदनों में इंगित किये जाने के बावजूद इस सम्बन्ध में अब तक बोर्ड द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई।

डी उपरोक्त टिप्पणियों का बोर्ड के वार्षिक व्यय पर आय की अधिकता पर प्रभाव यह होगा कि 13.27 करोड़ रुपये आय की अधिकता घट कर 10.66 करोड़ रुपये हो जाएगी।

**ई सहायता अनुदान**

बोर्ड ने वर्ष 2016 – 17 दौरान कोई भी सहायता अनुदान प्राप्त नहीं किया।

**एफ प्रबन्ध पत्र**

कमियां जो लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में शामिल नहीं की गई है, उपचारात्मक/सुधारात्मक कार्यवाही हेतु पृथकत: जारी प्रबन्ध – पत्र के माध्यम से आवास बोर्ड हरियाणा, पंचकूला के ध्यान में लाई गई है।

(v) पूर्ववर्ती अनुच्छेदों में दी गई अभ्युक्तियों के अध्यधीन, हम सूचित करते हैं कि इस प्रतिवेदन से संव्यवहारित तुलन – पत्र तथा आय एवं व्यय लेखा, लेखाओं की बहियों से मेल खाते हैं।

(vi) हमारे मत में तथा हमारी सूचना और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के अनुलग्नक में वर्णित उपर्युक्त महत्वपूर्ण मुद्दों तथा अन्य मुद्दों के अध्यधीन तथा लेखांकन नीतियों तथा लेखाओं पर टिप्पणियों के साथ पठित कथित वित्तीय विवरणियां भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखापरीक्षा सिद्धान्तों के अनुसार सही एवं स्पष्ट चित्र प्रस्तुत करती है।

(क) जहां तक यह 31 मार्च 2017 को आवास बोर्ड, हरियाणा, पंचकूला के कार्यो की स्थिति के तुलन – पत्र से संबंधित है,

(ख) जहां तक यह उस तारीख को समाप्त वर्ष हेतु आय एवं व्यय लेखा के अधिक्य से संबंधित हैं।

**भारत के नियन्त्रक – महालेखापरीक्षक की ओर से**

**स्थान : चण्डीगढ** **हस्ता,**

**दिनांक : 10 – 07 – 2018** **प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा)**

**हरियाणा, चण्डीगढ़**

**'प्रस्तुत प्रतिवेदन मूल रूप से अंग्रेजी में लिखित पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का हिन्दी अनुवाद है। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित प्रतिवेदन मान्य होगा।'**

# आवास बोर्ड हरियाणा, पंचकूला के वर्ष 2016–17 के लेखाओं पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का अनुलग्नक

1. **आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली की पर्याप्तता**

वर्ष 2016 – 17 के दौरान बोर्ड में कोई आंतरिक लेखा परीक्षा आयोजित नहीं की गई थी।

2. **आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता**

बोर्ड में प्रचलित आंतरिक नियंत्रण प्रणाली निम्नलिखित क्षेत्रों में कमी पाई गई थी :

ए) ऋण और अग्रिमों के लिए वित्तीय आंकड़े, विविध देनदार, विविध लेनदारों, सुरक्षा जमा, कर्मचारियों पर देय राशि, पंजीकरण जमा, आबंटियों के अन्य जमा, अग्रिम धन और ठेकेदारों की सुरक्षा कटौती और अन्य डेबिट और क्रेडिट वित्तीय आंकड़े अपुष्ट और असमाधानित थे।

बी) बोर्ड ने कोई लेखांकन मैनुअल तैयार नहीं की है।

सी) नकद स्टॉक और अन्य कीमती सामानों से निपटने वाले कर्मचारियों के कर्तव्यों से बदलने की कोई प्रणाली/योजना नहीं है।

डी) बोर्ड को नकद और शेयर जैसे कीमती सामानों को संभालने वाले कर्मचारियों से कोई सुरक्षा जमा/निष्ठा गारंटी प्राप्त नहीं हुई है।

ई) भूमिगत संपत्तियों और भवन के लिए शीर्षक कार्यों की संपत्ति रजिस्टर/सूची बोर्ड द्वारा तैयार नहीं की गई थी।

3. **स्थायी परिसम्पत्तियों के भौतिक सत्यापन की प्रणाली**

बोर्ड द्वारा स्थायी परिसम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन किया गया था।

4. **वस्तु सूची के भौतिक सत्यापन की प्रणाली**

वस्तु सूची का भौतिक सत्यापन बोर्ड द्वारा में किया गया था।

5. **सांविधिक देयों के भुगतान में नियमितता**

बोर्ड समय पर सांविधिक देयों को जमा करने में नियमित था।

हस्ता.

उप–महालेखाकार (सामाजिक क्षेत्र)

# आवास बोर्ड हरियाणा, पंचकूला

**31 मार्च 2017 का तुलनपत्र** (आंकड़े रुपयों में)

| विवरण | तालिका | 31.3.2017 के आंकड़े | 31.3.2016 के आंकड़े |
|---|---|---|---|
| **देयताएं** | | | |
| पूंजीगत निधि | 1 | 3956735784 | 3824079350 |
| रिज़र्व और अधिशेष | 2 | 3496595127 | 3352895127 |
| असुरक्षित ऋण | 3 | 4825996294 | 4344581000 |
| चालू देयताएं एवं प्रावधान | 4 | 5615810339 | 5838771399 |
| **कुल** | | **17895137544** | **17360326876** |
| **परिसम्पत्तियां** | | | |
| स्थाई परिसम्पत्तियां | 5 & 5A | 101288162 | 106596847 |
| चालू परिसम्पत्तियां | 6 | 17130185023 | 16741611492 |
| कर्ज तथा पेशगियां | 7 | 663664359 | 512118537 |
| **कुल** | | **17895137544** | **17360326876** |
| लेखों पर टिप्पणियां | 8 | | |

**कुमार नौहरिया एण्ड कम्पनी**
**चार्टड एकाऊंटैण्टस**
**(फर्म का रजिस्ट्रेशन नं. 002561 एन)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **हस्ता.** | **हस्ता.** | **हस्ता.** | **हस्ता.** |
| **बी. के. नौहरिया** | **जवाहर यादव** | **महेश्वर शर्मा, एच.सी.एस.** | **राजेश कुमार गुप्ता** |
| **चार्टड एकाऊंटैण्ट** | **अध्यक्ष** | **मुख्य प्रशासक** | **मुख्य लेखा अधिकारी** |
| **एम. नं. 081459** | | | |

**दिनांक : 06.09.2017**
**स्थान : पंचकूला**

# आवास बोर्ड हरियाणा, पंचकूला
## वर्ष 2016–2017 का आय एवं व्यय खाता

| खर्चे | 31.3.2017 के आंकड़े | 31.3.2016 के आंकड़े | आय | 31.3.2017 के आंकड़े | 31.3.2016 के आंकड़े |
|---|---|---|---|---|---|
| वेतन | 188774987 | 188277355 | विभिन्न फार्मों की बिक्री | 151600 | 419520 |
| ई.पी.एफ. | 16174076 | 16894820 | जुर्माने (अलोटी) | 7995628 | 7884719 |
| चिकित्सा व्यय | 993211 | 1191364 | इन्लिस्टमैंट शुल्क | 60000 | 160000 |
| मानदेय | 1437000 | 1185911 | कॉलोनियों की बीमा खर्चों की वसूली | 1172959 | 1195259 |
| ग्रेच्युटी | 19063443 | 411516 | प्रोसेसिंग एवं स्थानातंरण प्रभार | 11376501 | 11086882 |
| अवकाशीय यात्रा रियायत | 1467912 | 785165 | मकान किराया कटौती | 1489569 | 1974246 |
| यात्रा व्यय (स्टाफ) | 1850241 | 1456838 | एच.पी.टी.ए. फार्म की फीस | 33285 | 2895 |
| बिजली पानी का व्यय | 2091092 | 2176643 | किराया प्राप्ति | 118900 | 522000 |
| मनोरंजन व्यय | 288469 | 274849 | रजिस्ट्रेशन राशि जब्त | 25843950 | 32792150 |
| कानूनी व्यय | 1634458 | 1237436 | देख–रेख व्यय की प्राप्ति | 0 | 39921 |
| किराया | 418164 | 300488 | विभिन्न प्राप्तियां | 2871851 | 1697237 |
| अखबार व्यय | 24535 | 13551 | आय से व्यय का आधिक्य | 225447667 | 185310965 |
| डाक का व्यय | 727200 | 339412 | | | |
| लेखन व छपाई | 1157229 | 1101652 | | | |
| स्टाफ कार/जीप खर्च | 3538975 | 3439234 | | | |
| विज्ञापन | 2468011 | 3068071 | | | |
| मुरम्मत व्यय | 881551 | 489674 | | | |
| स्टाफ वेलफेयर | 381351 | 334580 | | | |
| अनुदान | 325000 | 25000 | | | |
| विभिन्न खर्चे | 1227462 | 802875 | | | |
| वाहन खर्चे | 19232 | 22699 | | | |
| टेलीफोन व्यय | 1113291 | 994492 | | | |
| फोटोस्टेट व्यय | 347727 | 316710 | | | |
| प्रशिक्षण शुल्क | 111300 | 11970 | | | |
| ऑडिट फीस | 275017 | 387316 | | | |
| गेस्ट हाऊस के रख–रखाव पर खर्च | 562111 | 126737 | | | |
| मूल्य ह्रास | 11028221 | 7943110 | | | |
| कम्पयूटर खर्चे | 495557 | 242752 | | | |
| कार्यालय भवन रखरखाव पर खर्च | 484787 | 1278091 | | | |
| नई पैंशन स्कीम | 112811 | 248837 | | | |
| स्टाफ क्वार्टर के रखरखाव खर्चे | 1360833 | 1212739 | | | |
| परामर्श फीस | 335330 | 338762 | | | |
| हाऊसिंग कालोनियों का बीमा शुल्क | 449157 | 456951 | | | |
| सेवा कर | 1797672 | 645055 | | | |
| स्वच्छ भारत सैस | 64769 | 8455 | | | |
| कृषि कल्याण उपकर | 58727 | 0 | | | |
| मैन पावर आपूर्ति सेवाएं | 12776684 | 5044684 | | | |
| आई. टी. साफ्टवेयर खर्चे | 193317 | 0 | | | |
| एच. पी. टी. ए. फार्मों की लागत | 51000 | 0 | | | |
| **कुल जोड़** | **276561910** | **243085794** | **कुल जोड़** | **276561910** | **243085794** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आय से व्यय का आधिक्य | 225447667 | 185310965 | ब्याज प्राप्ति अलाटियों से | 268534686 | 217056738 |
| दिया गया ब्याज | 13258640 | 106802928 | ब्याज प्राप्ति अन्यों से | 22200521 | 141097142 |
| आयकर के लिए प्रावधान | 138385500 | 28709070 | मकानों की बिक्री से लाभ/हानि | 362716336 | 21685658 |
| पिछले वर्ष का आयकर | 3302 | 0 | | | |
| दूसरे दायित्वों के निपटारे हेतू खर्च | 143700000 | 30700000 | | | |
| व्यय से आय का आधिक्य | 132656434 | 28316575 | | | |
| कुल जोड़ | **653451543** | **379839538** | कुल जोड़ | **653451543** | **379839538** |



**कुमार नौहरिया एण्ड कम्पनी**
**चार्टड एकाऊंटैण्टस**
**(फर्म का रजिस्ट्रेशन नं. 002561 एन)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **हस्ता.** | **हस्ता.** | **हस्ता.** | **हस्ता.** |
| **बी. के. नौहरिया** | **जवाहर यादव** | **महेश्वर शर्मा, एच.सी.एस.** | **राजेश कुमार गुप्ता** |
| **चार्टड एकाऊंटैण्ट** | **अध्यक्ष** | **मुख्य प्रशासक** | **मुख्य लेखा अधिकारी** |
| **एम. नं. 081459** | | | |

**दिनांक : 6.09.2017**
**स्थान : पंचकूला**

# आवास बोर्ड हरियाणा, पंचकूला

## तालिका –1

## पूंजीगत निधि

| विवरण | 31.3.2017 के आंकड़े | 31.3.2016 के आंकड़े |
|---|---|---|
| पिछले तुलन पत्र के अनुसार | 3824079350 | 3795762775 |
| जमा : चालू वर्ष में व्यय से आय का आधिक्य | 132656434 | 28316575 |
| **कुल जोड़** | **3956735784** | **3824079350** |

## तालिका –2

## रिज़र्व और अधिशेष

| विवरण | 31.3.2017 के आंकड़े | 31.3.2016 के आंकड़े |
|---|---|---|
| विभिन्न दायित्वों के भुगतान हेतु आरक्षित कोष | 3496595127 | 3352895127 |
| **कुल जोड़** | **3496595127** | **3352895127** |

हस्ता.
कुमार नौहरिया एण्ड कम्पनी
चार्टड एकाऊंटैण्टस

# आवास बोर्ड हरियाणा, पंचकूला

## तालिका –3 असुरक्षित ऋण

| विवरण | 31.3.2017 के आंकड़े | 31.3.2016 के आंकड़े |
|---|---|---|
| हुडको से ऋण | 3155460000 | 3374581000 |
| एन.एच.बी. से ऋण | 1320000000 | 970000000 |
| एच.डी.एफ.सी. से कार्यशील पूंजी | 350536294 | 0 |
| **कुल जोड़** | **4825996294** | **4344581000** |

## तालिका –4 चालू देयताएं और प्रावधान

| विवरण | 31.3.2017 के आंकड़े | 31.3.2016 के आंकड़े |
|---|---|---|
| **ए) चालू देयताएं** | | |
| प्रोस्पेक्टिव खरीददारों का जमा पंजीकरण | 2774248496 | 3107255164 |
| ठेकेदारों की प्रारम्भिक राशि | 559368 | 11500068 |
| ठेकेदारों द्वारा जमा प्रतिभूति | 190052020 | 201010937 |
| अतिरिक्त लेनदार | 1956460763 | 2111006177 |
| कर्मचारियों द्वारा जमा प्रतिभूति | 8070 | 8070 |
| अदा करने योग्य खर्चे | 10985837 | 7349824 |
| जमा करने योग्य कटौतियां | 12281034 | 62815125 |
| आबंटियों की अतिरिक्त जमा राशि | 1443130 | 1443130 |
| कर्मचारियों को देय राशि | 691790 | 1575301 |
| पूंजीगत लागत पर देय खर्चे | 327254618 | 93122538 |
| पंजीकृत प्राथियों को देने योग्य ब्याज | 13839246 | 13848978 |
| कालोनियों के रख रखाव पर देय खर्चे | 10411708 | 12012915 |
| ठेकेदारों के विरुद्ध क्षतिपूर्ति | 91053145 | 91053145 |
| **बी) प्रावधान** | | |
| संदिग्ध एवं डूबे हुए खर्चों का प्रावधान | 344841 | 344841 |
| अवकाश नकदीकरण का प्रावधान | 87790773 | 95716116 |
| आयकर का प्रावधान | 138385500 | 28709070 |
| **कुल जोड़** | **5615810339** | **5838771399** |

**हस्ता :**
**कुमार नौहरिया एण्ड कम्पनी**
**चार्टड एकाऊंटैण्टस**

# आवास बोर्ड हरियाणा, पंचकूला

## तालिका – 5

## स्थाई परिसम्पत्तियां का 31.3.2017 तक का विवरण (मुख्यालय)

| विवरण | | घटा मूल्य 1.4.2016 | वर्ष के दौरान 1.4.2016 तक खरीद | वर्ष के दौरान 30.9.2016 के बाद खरीद | वर्ष के दौरान निपटान | 31.3.2017 तक कुल लागत | वर्ष के दौरान घिसावट | घटा मूल्य 31.3.2017 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फर्नीचर और फिक्सचर्स | 10 | 2056623 | 22359 | 234598 | 0 | 2313580 | 219628 | 2093952 |
| आफिस का सामान | 15 | 349264 | 19726 | 3115 | 0 | 372105 | 55582 | 316523 |
| बिजली का सामान | 15 | 1065231 | 7717 | 150729 | 0 | 1223677 | 172247 | 1051430 |
| साईकिल | 15 | 11094 | 0 | 0 | 0 | 11094 | 1664 | 9430 |
| स्टाफ कार | 15 | 4063021 | 0 | 0 | 0 | 4063021 | 609453 | 3453568 |
| किताबें | 15 | 30741 | 0 | 0 | 0 | 30741 | 4611 | 26130 |
| कम्प्यूटर | 60 | 541044 | 245358 | 3642753 | 0 | 4429155 | 1564667 | 2864488 |
| **कुल (रु)** | – | **8117018** | **295160** | **4031195** | **0** | **12443373** | **2627852** | **9815521** |
| **टेक्नीकल (रु) (तालिका 5 क)** | – | **98479829** | **167520** | **1295689** | **70028** | **99873010** | **8400369** | **91472641** |
| **सकल जोड़ (रु)** | – | **106596847** | **462680** | **5326884** | **70028** | **112316383** | **11028221** | **101288162** |

**हस्ता :**
**कुमार नौहरिया एण्ड कम्पनी**
**चार्टड एकाऊंटैण्टस**

# आवास बोर्ड हरियाणा, पंचकूला

## तालिका –5क

## स्थाई परिसम्पत्तियां का 31.3.2017 तक का विवरण (टेकनीकल)

| विवरण | | घटा मूल्य 1.4.2016 | वर्ष के दौरान 30.9.2016 तक खरीद | वर्ष के दौरान 30.9.2016 के बाद खरीद | वर्ष के दौरान निपटान | 31.3.2017 तक कुल लागत | वर्ष के दौरान घिसावट | घटा मूल्य 31.3.2017 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. **भूमि** | | | | | | | | |
| क) आफिस | 0 | 421478 | 0 | 0 | 0 | 421478 | 0 | 421478 |
| ख) विश्राम गृह | 0 | 85540 | 0 | 0 | 0 | 85540 | 0 | 85540 |
| ग) आवास भवन | 0 | 318000 | 0 | 0 | 0 | 318000 | 0 | 318000 |
| घ) स्टाफ क्वार्टर | 0 | 12145774 | 0 | 0 | 0 | 12145774 | 0 | 12145774 |
| 2. **ईमारत** | | | | | | | | |
| क) आफिस | 10 | 5398637 | 0 | 198933 | 0 | 5597570 | 549810 | 5047760 |
| ख) विश्राम गृह | 10 | 1251194 | 0 | 0 | 0 | 1251194 | 125119 | 1126075 |
| ग) आवास भवन | 10 | 6404041 | 0 | 0 | 0 | 6404041 | 640404 | 5763637 |
| घ) स्टाफ क्वार्टर | 5 | 9928524 | 0 | 0 | 0 | 9928524 | 496425 | 9432099 |
| घ) कार्यालय खण्ड और होस्टल बिल्डिंग | 10 | 58792659 | 0 | 991563 | 0 | 59784222 | 5928844 | 53855378 |
| 3. फर्नीचर और फिक्सचर्स | 10 | 1269078 | 0 | 75567 | 0 | 1344645 | 130688 | 1213957 |
| 4. आफिस का सामान | 15 | 62783 | 49750 | 0 | 0 | 112533 | 16880 | 95653 |
| 5. बिजली का सामान | 15 | 810535 | 48248 | 0 | 0 | 858783 | 128817 | 729966 |
| 6. साईकिल | 15 | 3491 | 0 | 0 | 0 | 3491 | 525 | 2966 |
| 7. स्टाफ कार | 15 | 1347133 | 0 | 0 | 70028 | 1277105 | 191566 | 1085539 |
| 8. किताबें | 15 | 8635 | 0 | 0 | 0 | 8635 | 1295 | 7340 |
| 9. कम्प्यूटर | 60 | 232327 | 69522 | 29626 | 0 | 331475 | 189996 | 141479 |
| कुल जोड़ (रु) | | **98479829** | **167520** | **1295689** | **70028** | **99873010** | **8400369** | **91472641** |

**हस्ता :**
**कुमार नौहरिया एण्ड कम्पनी**
**चार्टड एकाऊंटैण्टस**

# आवास बोर्ड हरियाणा, पंचकूला

## तालिका – 6 चालू परिसम्पत्तियां

| विवरण | | 31.3.2017 के आंकड़े | 31.3.2016 के आंकड़े |
|---|---|---|---|
| **कालोनियों की कीमत** | | | |
| लागत | 7478082909 | | |
| घटाएं : प्राप्ति | 2944242104 | 4533840805 | 7820645220 |
| **विभिन्न देनदार** | | | |
| – मकानों के आबंटियों से | | 1931148487 | 1466045961 |
| – दुकानों और प्लाटों के आबंटियों से | | 139721882 | 182095172 |
| – अन्य | | 92220864 | 189179139 |
| **ज़मीन की लागत** | | | |
| – दी गई कीमत | | 2346002906 | 2190209083 |
| – ज़मीन की लागत जो कि अभी स्कीमों पर बांटनी है | | 1398572327 | 1963414716 |
| **मकान निर्माण सामग्री** | | | |
| – डिवीजनों में | | 14548254 | 14872112 |
| – ठेकेदारों के पास | | 106384992 | 115555112 |
| – भूमि मुआवज़ा देय/प्राप्ति | | 882283815 | 415772585 |
| – मिलने वाला ब्याज | | 2104694 | 5624811 |
| **नकद और बैंक जमा** | | | |
| – नकद मुख्यालय में | | 104 | 64606 |
| – नकद डिवीजन्स में | | 1212 | 50615 |
| **बैंक जमा** | | | |
| – मुख्यालय में | | 142844906 | 470975823 |
| – डिवीजन्स में | | 50702684 | 113106114 |
| **फिक्सड डिपोजिट (प्राप्तियां)** | | 78469318 | 175571202 |
| फिक्सड डिपोजिट (स्टाफ सिक्योरिटी) | | 1800 | 1800 |
| कर्मचारियों के अग्रिम पर अर्जित ब्याज | | 4857983 | 5442182 |
| बिना बिके हुए मकान | | 5401575348 | 1608248718 |
| पहले अदा किए हुए खर्चे | | 2887988 | 2547867 |
| आर्बीटरेशन अवार्ड वसूली/देय राशि | | 1318865 | 1318865 |
| न्यायालय में लंबित केसों से वसूली/देय राशि | | 695789 | 695789 |
| मिलने वाला किराया | | 0 | 174000 |
| **कुल जोड़ (रु.)** | | **17130185023** | **16741611492** |

**हस्ता :**
**कुमार नौहरिया एण्ड कम्पनी**
**चार्टड एकाऊंटैण्टस**

# आवास बोर्ड हरियाणा, पंचकूला

## तालिका–7 ऋण एवं अग्रिम

| विवरण | 31.3.2017 के आंकड़े | 31.3.2016 के आंकड़े |
|---|---|---|
| **सुरक्षित अग्रिम** | 25501605 | 26500427 |
| –ठेकेदारों को अग्रिम | 1233661 | 2725896 |
| –कर्मचारियों को वाहन के लिए अग्रिम | 5249629 | 6143142 |
| –कर्मचारियों को दूसरे उद्देश्यों के लिए अग्रिम | 946431 | 945431 |
| –विभिन्न विभागों में जमा प्रतिभूति | | |
| **असुरक्षित अग्रिम** | | |
| –कर्मचारियों को अग्रिम | 632047 | 797261 |
| –सप्लाईकर्त्ताओं को अग्रिम | 10669779 | 38907439 |
| –विभिन्न कार्यों के लिए अग्रिम | 78640661 | 37726408 |
| **आयकर** | | |
| –फ्रिंज बेनेफिट कर वसूली योग्य वर्ष 2007–08 | 0 | 26152 |
| –फ्रिंज बेनेफिट कर वसूली योग्य वर्ष 2008–09 | 0 | 62387 |
| –आयकर वसूली योग्य वर्ष 2007–08 | 14555124 | 14555124 |
| –आयकर वसूली योग्य वर्ष 2008–09 | 7638000 | 12128512 |
| –आयकर वसूली योग्य वर्ष 2009–10 | 278720 | 942060 |
| –आयकर वसूली योग्य वर्ष 2010–11 | 185418 | 185418 |
| –आयकर वसूली योग्य वर्ष 2011–12 | 659070 | 874520 |
| –आयकर वसूली योग्य वर्ष 2012–13 | 12728590 | 5172010 |
| –आयकर वसूली योग्य वर्ष 2013–14 | 6617017 | 6617017 |
| –आयकर वसूली योग्य वर्ष 2014–15 | 15609199 | 15609199 |
| –आयकर वसूली योग्य वर्ष 2015–16 | 80417769 | 0 |
| –अग्रिम आयकर वर्ष 2015–16 | 0 | 95800000 |
| –विभिन्न स्त्रोतों द्वारा काटा गया कर वर्ष 2015–16 | 0 | 13330141 |
| –सेवा कर विवादित/वसूली योग्य | 264876136 | 233069993 |
| –विभिन्न स्त्रोतों द्वारा काटा गया कर वर्ष 2016–17 | 3725503 | 0 |
| –अग्रिम आयकर वर्ष 2016–17 | 133500000 | 0 |
| **कुल जोड़ (रु.)** | **663664359** | **512118537** |

**हस्ता :**
**कुमार नौहरिया एण्ड कम्पनी**
**चार्टड एकाऊंटैण्टस**

# आवास बोर्ड हरियाणा, पंचकूला

## तालिका 8 – महत्वपूर्ण लेखा नीतियां व लेखों पर टिप्पणियां

## (31–03 –2017 के तुलनपत्र व आय और व्यय लेखा का वित्तीय भाग)

1. खाते संस्था के इतिहासिक लागत में वाणिज्यिक विधि के आधार पर बनाये गये हैं। वित्तीय लेखे प्रचलित लेखा नियमों के आधार पर बनाये गये हैं।
2. आवश्यकता अनुसार पिछले साल के आंकड़ों को इकट्ठा/समायोजन कर लिया गया है।
3. आयकर कानून 1961 के अनुसार स्थाई परिसम्पत्तियों का ह्रास मूल्य नीति के अनुसार अवमूल्यन किया गया है।
4. किसी भी प्रकार की परिसम्पत्तियों का वर्ष के दौरान पुनर्निर्धारण नहीं किया गया है।
5. मकानों की बिक्री का लाभ व हानि लागत मूल्य व बिक्री मूल्य के अन्तर को दर्शाता है।
6. वित्तीय विवरण में ऋण एवं अग्रिम, देनदारियां, लेनदारियां, जमा प्रतिभूतियां, कर्मचारियों को देय राशि, आबंटियों का पंजीकरण व अतिरिक्त जमा राशि, अग्रिम राशि ठेकेदारों की जमा प्रतिभूतियां और दूसरे नाम व जमा राशियां जो बिना पुष्टि के दर्शाई गई है, उनकी वसूली उसी मूल्य पर ही मानी जाएगी अगर वो सामान्य व्यवस्था में वसूल हो जाती है।
7. बोर्ड की कालोनियों/स्थानों पर होने वाले खर्चों को पूंजी खाते पर देय खर्च के रूप में दर्शाया गया है।
8. अवकाश देय राशि का प्रावधान प्रत्येक कर्मचारी के देय अवकाश के अनुसार किया गया है।
9. आई. सी. ऐ. आई. द्वारा जारी ए. एस. 7 में अंकित ठेका पद्धति का खाते बनाने में अनुसरण किया गया है।
10. बिना बिके हुए मकानों को उनकी मूल कीमत पर दर्शाया गया है।
11. आवास बोर्ड के विरुद्ध 15121242.00 रुपये का घोषित आर्बीटरेशन एवार्ड अभी निर्णत नहीं है। इसी प्रकार 12209648.00 का बोर्ड के पक्ष में एवार्ड भी निर्णीत नहीं है। ये राशियां तुलन पत्र में नहीं दिखाई गई हैं।

12. आयकर अधिनियम 1961 के प्रावधान के अनुसार कर योग्य लाभ पर आयकर का प्रावधान किया गया है।

13. हुडको और एन.एच.बी. से अवधि ऋण बोर्ड की कोई भी संपत्ति बंधक रखे बिना, हरियाणा सरकार की गारंटी पर लिया है।

14. बोर्ड ने जीवन बीमा निगम की ग्रेच्युटी फण्ड की मास्टर पालिसी को अपनाया है, जिससे बोर्ड के कर्मचारियों के सेवा निवृति पर संविधानिक दायित्व की पूर्ति की जा सके। 31.3.2017 को जीवन बीमा निगम ने कुल 119146285.00 रुपये का शुद्ध बकाया प्रमाण पत्र जारी किया गया है जो कि ग्रेच्युटी का भुगतान करने के पश्चात् दर्शाया गया है।

15. बोर्ड का संस्थागत ढांचा व कार्यकारी नीतियां हरियाणा सरकार की मकान व भलाई की योजनाओं को मध्यनजर रखते हुए बनाई गई है।

16. पैसों के आंकड़े को रुपयों में परिवर्तित कर दिया है।

कुमार नौहरिया एण्ड कम्पनी
चार्टड एकाऊंटैण्टस
(फर्म का रजिस्ट्रेशन नं. 002561 एन)

| | | | |
|---|---|---|---|
| हस्ता. | हस्ता. | हस्ता. | हस्ता. |
| बी. के. नौहरिया | जवाहर यादव | महेश्वर शर्मा, आई.ए.एस. | राजेश कुमार गुप्ता |
| चार्टड एकाऊंटैण्ट | अध्यक्ष | मुख्य प्रशासक | मुख्य लेखा अधिकारी |
| एम. नं. 081459 | | | |